C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 64 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - गुरुवार, 21 अगस्त 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## प्रदेश में वेतन संकट और शिक्षा अव्यवस्था पर डोटासरा का वार - मुख्यमंत्री दिल्ली में, जनता परेशानी में

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने प्रदेश की वित्तीय और प्रशासनिक अव्यवस्था को लेकर सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की स्थिति इतनी बिगड़ चुकी है कि दो महीने बाद कर्मचारियों को वेतन देने तक के लिए पैसे नहीं बचेंगे। डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में कराए गए विकास कार्यों के ठेकेदारों को अब तक भुगतान नहीं हुआ है, जबकि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बार-बार दिल्ली जाने में व्यस्त हैं।

डोटासरा ने तंज कसते हुए कहा कि ÷मुख्यमंत्री हर बार दिल्ली से लौटकर केवल फोटो खिंचवाने में मशगूल रहते हैं। प्रधानमंत्री विदेश में हैं, तो दिल्ली जाकर आखिर किससे मुलाकात करते हैं? अगर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से ही चर्चा करनी है, तो हॉटलाइन या फेसटाइम भी मौजूद है।



### शिक्षा मंत्री पर करारा प्रहार

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गरीबों को इलाज नहीं मिल रहा और बच्चों के पास न किताबें हैं, न समय पर स्कूल ड्रेस। बोर्ड परीक्षाएं नजदीक हैं, लेकिन पाठ्यपुस्तकें तक उपलब्ध नहीं हैं। डोटासरा ने कटाक्ष किया - ÷बच्चे परीक्षा में यही लिख देंगे कि जब शिक्षा मंत्री मदन दिलावर जैसा हो, तो लिखने की कोई जरूरत ही नहीं।÷

### प्रिंसिपल पोस्टिंग अटकी, शिक्षा विभाग सवालों के घेरे में

उन्होंने शिक्षा विभाग की लचर कार्यशैली पर भी सवाल उठाए। मई में पदोन्नति समिति की बैठक होने के बावजूद अगस्त तक प्रिंसिपलों को पोस्टिंग नहीं दी गई। डोटासरा ने इसे सरकार की नाकामी बताते हुए कहा कि ÷शिक्षा विभाग में तमाशा चल रहा है और सरकार को इसकी कोई परवाह नहीं।

### "दिखावे की राजनीति, जनता की समस्याएं अनदेखी"

डोटासरा ने कहा कि मौजूदा सरकार ने प्राथमिकताएं गलत तय की हैं। जनता स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए तरस रही है, जबकि सरकार केवल अपनी छवि चमकाने में लगी है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की कि वे दिल्ली दौरे छोड़कर प्रदेश की जनता का दर्द सुनें और समस्याओं का समाधान करें।

## संजीव शर्मा बने भीलवाड़ा के नए सीएमएचओ

### चेतन गोस्वामी के निलंबन के बाद सरकार ने जारी किया आदेश

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर

डॉ.चेतन ठठेरा ।



चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने बुधवार को आदेश जारी कर भीलवाड़ा के नए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीएमएचओ की नियुक्ति कर दी है।

संयुक्त शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य ग्रुप-2 निशा मीना द्वारा जारी आदेशानुसार डॉ. संजीव शर्मा को भीलवाड़ा का नया सीएमएचओ नियुक्त किया गया है। शर्मा वर्तमान में आरसीएचओ के पद पर कार्यरत थे। अब उन्हें अग्रिम आदेश तक सीएमएचओ का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

गौरतलब है कि राज्य सरकार ने मंगलवार को तत्कालीन सीएमएचओ डॉ. चेतनपुरी गोस्वामी को निलंबित कर दिया था। इसके बाद बुधवार को विभाग ने नई नियुक्ति का आदेश जारी किया।

## बहन के अपहरण और हत्या के बाद भी न्याय से वंचित भाई, पुलिस पर अधूरी कार्रवाई का आरोप , एसपी को दी शिकायत



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

बहन के अपहरण और हत्या के बाद न्याय की उम्मीद लगाए बैठे भाई की पीड़ा पुलिस की अधूरी कार्रवाई से और गहरी हो गई है। सियार पीपली गांव निवासी परमेश्वर लाल शर्मा ने कहा कि उनकी बहन का अपहरण कर निर्मम हत्या कर दी गई, लेकिन पुलिस अब तक सभी आरोपियों को नहीं पकड़ पाई। वे अपनी बहन को खोने का दर्द झेल ही रहे हैं, ऊपर से अधूरी कार्रवाई ने उनके जख्मों को और बढ़ा दिया है।

शर्मा ने बताया कि घटना को कई माह बीत जाने के बावजूद केवल एक आरोपी अंशुल की गिरफ्तारी हुई है, जबकि अन्य आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मंगरोप थाना पुलिस मामले में निष्पक्ष और पारदर्शी कार्रवाई नहीं कर रही है।

पीड़ित भाई के साथ एक दर्जन से अधिक ग्रामीण भी बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच तथा सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक सभी आरोपियों पर सख्त कार्रवाई नहीं होती, तब तक मृतका को न्याय नहीं मिल पाएगा।

पुलिस अधीक्षक ने शिकायतकर्ताओं को आश्वासन दिया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए निष्पक्ष जांच की जाएगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

## पुलिस की बड़ी कार्रवाई, डोडा चूरा तस्करी प्रकरण का वांछित 50 हज़ार का हार्डकोर तस्कर ईनामी आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जिला स्पेशल टीम डीएसटी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 50 हजार रुपये के ईनामी हार्डकोर तस्कर को जोधपुर से धर दबोचा है । यह वही आरोपी है, जिसने पिछले साल कारोई थाना क्षेत्र में 392 किलो डोडा चूरा परिवहन करते समय पुलिस की नाकाबंदी पर फायरिंग कर फरार हो गया था।

थानाधिकारी संजय गुर्जर एवं डीएसटी प्रभारी राजपाल सिंह ने बताया कि बीते साल 10 अक्टूबर को कारोई थाना क्षेत्र में एजीटीएफ टीम जयपुर की सूचना पर नाकाबंदी की गई थी। उस दौरान काले रंग की स्कॉर्पियो में बैठे आरोपी जोधपुर निवासी मनोहर विश्नोई और उसके साथी ने पुलिस पर फायरिंग करते हुए गाड़ी भगा दी थी। पीछा करने पर स्कॉर्पियो तो



बरामद हो गई, लेकिन आरोपी फरार हो गए। तलाशी में वाहन से 392 किलो 57 ग्राम डोडा चूरा जब्त किया गया था। इस मामले में एक आरोपी राकेश जाखड़ गिरफ्तार हुआ था, जबकि मनोहर विश्नोई फरार चल रहा था। जिसकी तलाश की जा रही थी ।

डीएसटी टीम ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार 8 दिन तक परंपरागत पुलिसिंग का सहारा लिया। टीम ने आरोपी के गांव और उसके आने-जाने वाले रास्तों पर गहन निगरानी रखी। जानकारी मिली कि मनोहर विश्नोई हफ्ते में केवल एक बार रात के समय लाइट बंद करके मोटरसाइकिल से घर आता-जाता है।

20 अगस्त की रात करीब ढाई बजे आरोपी मोटरसाइकिल से गांव जोलियाली की ओर निकला। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगा। काफी मशक्कत के बाद पुलिसकर्मियों ने उसे काबू में किया। पूछताछ में उसने अपना नाम मनोहर पुत्र घेवर राम विश्नोई निवासी दड़ी की ढाणी, थाना झंवर, जोधपुर बताया।

पुलिस ने बताया है की मनोहर कुख्यात तस्कर है । जो कई मामलों में वांछित है और उस पर कई मामले दर्ज हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

## यक्षणी माता मंदिर चोरी का खुलासा, चांदी के मुकुट व नकदी बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ मांडल

पुलिस ने मांडल कस्बे के यक्षणी माता मंदिर में हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया है। आरोपी की पहचान पहुना राशमी निवासी देवीलाल रावत के रूप में हुई है। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

पुलिस के अनुसार, 19 जून की रात मंदिर बंद करने के बाद पुजारी घर चला गया । अगले दिन सुबह जब मंदिर खोला गया तो मुख्य गेट, निज मंदिर और कार्यालय के ताले टूटे मिले। दानपात्र से नकदी, सीसीटीवी डीवीआर और माताजी के सिर पर चढ़े चांदी के दो मुकुट चोरी हो गए थे। चोरी गए मुकुटों का वजन करीब 750 ग्राम था।

जांच के दौरान पुलिस ने आसपास लगे करीब 20 सीसीटीवी फुटेज खंगाले। सुराग मिलने पर आरोपी देवीलाल रावत को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने वारदात स्वीकार कर ली और उसके पास से गलाई हुई चांदी 714 ग्राम , सीसीटीवी डीवीआर व एंटेना बॉक्स बरामद किए गए। पुलिस का कहना है



कि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## काछोला पुलिस की कार्रवाई, 3.32 किलो डोडा चूरा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार




भीलवाड़ा फोकस @ काछोला

अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गश्त के दौरान दो तस्करों को दबोचते हुए उनके कब्जे से 3 किलो 320 ग्राम डोडा चूरा और एक कार जब्त की है । यह कार्रवाई थाना प्रभारी श्रद्धा पचौरी के नेतृत्व में की गई। थाना प्रभारी श्रद्धा पचौरी ने बताया की गश्त के दौरान पुलिस ने संदिग्ध कार को रोककर जांच की तो उसमें से डोडा चूरा मिला। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रभु नाथ पुत्र शंभू नाथ निवासी शिव कॉलोनी थाना हनुमाननगर और रिसपाल पुत्र शिवकरण चौधरी निवासी क्रासिर, जिला टोंक के रूप में हुई। दोनों को मौके पर गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

C M Y K

# हेड मास्टर की लापरवाही! छात्रों से बाइक धक्का लगवाया, ग्रामीणों ने जताई नाराज़गी

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़



**सांवरिया ।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय उरना के हेड मास्टर की लापरवाही का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दो छात्र सड़क पर सीमेंट के कट्टों से लदी बंद बाइक को धक्का लगाते दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार विद्यालय में निर्माण कार्य पूरा होने पर बचे हुए सीमेंट कट्टे जमा कराने के लिए हेड मास्टर बाइक पर लादकर ले जा रहे थे। लेकिन रास्ते में बाइक बंद हो जाने पर उन्होंने छात्रों से धक्का लगवाया।
ग्रामीणों ने इस पर नाराज़गी जताई और कहा कि शिक्षकों का कार्य बच्चों को शिक्षा देना है, न कि उनसे शारीरिक श्रम कराना। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे कृत्य से विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण प्रभावित होता है और बच्चों में अनुशासन की जगह गलत संदेश जाता है।

# माइंस से मोटर-इन्वर्टर चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर



थाना पुलिस ने रात के समय माइंस से मोटर, इन्वर्टर, बैटरियां और केबल चोरी करने वाले दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है।
थानाधिकारी लीलाधर मालवीय ने बताया कि 18 जुलाई को संजय माली निवासी मेजा, हाल मुनिम यस माइंस नाथजी का खेड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार 15 जुलाई को माइंस ऑफिस का ताला टूटा मिला। जांच करने पर ऑफिस से ल्यूमिनस कंपनी का 2 किलोवॉट इन्वर्टर, 2 बड़ी बैटरियां, 5 एचपी और 1 एचपी की मोटर तथा करीब 60 मीटर केबल चोरी होना पाया गया। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने घटनास्थल से मिले सुरागों, तकनीकी और परंपरागत तरीकों से सूचना संकलन कर बनेडा निवासी पिन्टु खान पठान और परमेश्वर कटवाल उर्फ राहुल उर्फ गना उर्फ फोरिया सोलंकी को चिन्हित किया। डिटेन कर पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की वारदात कबूल की, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। पुलिस अब आगे की जांच में जुटी है।

## बागड़ी गांव में आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषाहार वितरण में अनियमितता, ग्रामीणों की नाराज़गी




भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

उपखंड क्षेत्र के बागड़ी गांव में आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषाहार वितरण को लेकर ग्रामीणों ने नाराज़गी जताई। बुधवार देर शाम करीब 10 बजे ग्रामीणों ने कहा कि केंद्र पर समय पर पोषाहार उपलब्ध नहीं हो रहा, जिससे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।
ग्रामीणों ने बाल विकास विभाग को लिखित शिकायत देकर बताया कि कई बार आंगनबाड़ी में पोषाहार आता ही नहीं और यदि आता भी है तो उसका सही वितरण नहीं होता। इस कारण पात्र लाभार्थी वंचित रह जाते हैं। ग्रामीणों ने मांग की कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका को पारदर्शी तरीके से नियमित पोषाहार वितरण करने के निर्देश दिए जाएं, ताकि जरूरतमंदों को समय पर पोषण मिल सके।

# स्कूल से लौटते वक्त मासूम की मौत, गांव में पसरा सन्नाटा

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



स्कूल की छुट्टी के बाद घर लौट रही एक छात्रा की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। घटना के बाद गांव में मातम छा गया और परिजन गहरे सदमे में हैं।
जानकारी के अनुसार आंट निवासी 13 वर्षीय कक्षा आठवीं की छात्रा कृष्णा बैरवा मंगलवार को सहेलियों के साथ स्कूल से घर लौट रही थी। जैसे ही वह स्कूल गेट के पास पहुंची, अचानक चक्कर आने लगे और उल्टियां होने लगीं। देखते ही देखते वह जमीन पर गिर पड़ी।
शिक्षकों और ग्रामीणों ने तुरंत परिजनों को सूचना दी। परिजन बच्ची को बिजौलिया के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# भीलवाड़ा फोकस की खबर का असर : लाडपुरा चौराहे पर जेसीबी से हटाई गंदगी, सुधरी व्यवस्था






भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा

भीलवाड़ा फोकस में सोमवार को प्रकाशित लाडपुरा चौराहे पर गंदगी और अव्यवस्था, यात्री कचरे के ढेर में खड़े होकर करते हैं इंतजार शीर्षक वाली खबर का बड़ा असर सामने आया है। खबर प्रकाशित होने के बाद नेशनल हाईवे अथॉरिटी (NHAI) हरकत में आई और जेसीबी मशीन की मदद से चौराहे पर फैली गंदगी को हटाकर व्यवस्था में सुधार किया। इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों और यात्रियों में खुशी का माहौल है।
गौरतलब है कि कोटा-चित्तौड़गढ़-भीलवाड़ा मार्ग का यह चौराहा रोजाना





हजारों वाहनों और बसों की आवाजाही का केंद्र है। बसों के ठहराव स्थल पर लंबे समय से कचरे के ढेर और अव्यवस्था बनी हुई थी, जिससे यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ रही थी। अब सफाई होने से लोगों को राहत मिली है। स्थानीय लोगों का कहना है कि केवल अस्थायी सफाई काफी नहीं है। यहाँ यात्री प्रतीक्षालय और स्थायी स्वच्छता व्यवस्था का निर्माण आवश्यक है, ताकि भविष्य में समस्या दोबारा न खड़ी हो।

# बहु की धमकियों से परेशान बुजुर्ग ने खाया ज़हर, इलाज के दौरान मौत

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़

थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। बहू की कथित धमकियों से त्रस्त होकर 57 वर्षीय ससुर ने ज़हर खा लिया। गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां चार घंटे तक चले इलाज के दौरान ससुर की मौत हो गई।
पुलिस के अनुसार, मृतक के परिजनों का आरोप है कि बहू और उसके मायके पक्ष के लोग उन्हें रेप केस में फंसाने की धमकी दे रहे थे। लगातार मिल रही इस प्रताड़ना से वह तनावग्रस्त चल रहे थे। इसी से परेशान होकर उन्होंने खेत में जाकर ज़हर निगल लिया।
गंभीर अवस्था में उन्हें महात्मा गांधी चिकित्सालय भीलवाड़ा ले जाया गया, जहां मंगलवार देर रात उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मांडलगढ़



थाने के एसआई राम सिंह ने बताया कि परिजनों के बयानों के आधार पर बहू और उसके परिजनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।
परिजनों का कहना है कि मृतक को लंबे समय से धमकियों के कारण मानसिक दबाव झेलना पड़ रहा था। अंततः वह अवसाद में आकर यह कठोर कदम उठा बैठे।

# शाहपुरा में राजीव गांधी की जयंती पर सद्भावना दिवस मनाया

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

नगर व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की 81वीं जयंती को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया। नगर कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में नेताओं ने राजीव गांधी के



आधुनिक भारत के निर्माण, तकनीक, टेलीकॉम और पंचायती राज में योगदान को याद किया।
कार्यक्रम में संदीप जीनगर, अशोक भारद्वाज, रमजान खान, अजय मेहता, रमेश शर्मा, आनंद सेठी सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विश्व फोटोग्राफी दिवस पर फोटोग्राफरों का संगम, दिया सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

विश्व फोटोग्राफी दिवस पर शाहपुरा फोटोग्राफर एसोसिएशन की ओर से भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विशाल वैष्णव ने की, जबकि धर्म प्रकाश सोनी, रामप्रसाद पारीक, आजाद सिंह सांखला और अधिवक्ता दीपक पारीक विशिष्ट



अतिथि रहे। इस अवसर पर दीपक पारीक को विशेष सम्मान दिया गया। वक्ताओं ने फोटोग्राफी के इतिहास, महत्व और समाज में इसके योगदान पर विचार साझा किए। साथ ही घोषणा की गई कि अगले वर्ष फोटोग्राफी दिवस का आयोजन फूलिया कला तहसील में भव्य महासंगम के रूप में किया जाएगा।




## QUICK BITES

### हमारा विद्यालय–हमारा स्वाभिमान' अभियान का पोस्टर लोकार्पण

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा




जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधु व एडीईओ कैलाश चंद्र सुथार ने हमारा विद्यालय–हमारा स्वाभिमान अभियान का पोस्टर विमोचन किया। यह अभियान 1 सितम्बर को देशभर के 5 लाख से अधिक विद्यालयों में एक साथ आयोजित होगा।

इस दिन शिक्षक-विद्यार्थी विद्यालय की स्वच्छता, भाईचारे, अनुशासन, राष्ट्रप्रेम, समाज-विद्यालय संबंध और अध्ययन-अध्यापन उत्कृष्ट बनाने जैसे पाँच संकल्प लेंगे।

प्रदेश महिला उपाध्यक्ष सुषमा बिश्नोई ने कहा कि विद्यालय राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशालाएं हैं। जिला कलेक्टर ने अभियान की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

### नागेश्वर महादेव मंदिर में शिवलिंग का भव्य श्रृंगार, श्रद्धालुओं ने मांगी खुशहाली की दुआ

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



नागेश्वर महादेव मंदिर में बुधवार को धार्मिक उत्साह और श्रद्धा के बीच शिवलिंग का आकर्षक श्रृंगार किया गया। प्रदोष बेला में 1108 अर्पण कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की गई।

पूजा-अर्चना पंडित प्रकाश शर्मा और विनोद दाधीच के सानिध्य में संपन्न हुई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण रहा और श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम का आयोजन बिजौलिया निवासी सुमित जोशी की ओर से किया गया।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# गोपाल विजयवर्गीय को दिल्ली में राष्ट्रीय रक्तवीर सम्मान

## अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

दिल्ली के होटल अशोक में अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की ओर से राष्ट्रीय रक्तवीर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें भीलवाड़ा रक्तवीर सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन के सचिव और हर पंचायत रक्त पंचायत अभियान के संस्थापक गोपाल विजयवर्गीय को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में लद्दाख के उपराज्यपाल कविंद्र गुप्ता और आईवीएफ अध्यक्ष अशोक अग्रवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

गोपाल विजयवर्गीय को 86 बार रक्तदान और प्लेटलेट्स दान सहित रक्तदान क्षेत्र में किए गए विशेष कार्यों के लिए यह सम्मान दिया गया। सम्मान प्रदान करने वालों में राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल (उत्तराखंड), अशोक मित्तल (पंजाब), धर्मशीला गुप्ता (बिहार), सुजीत कुमार (ओडिशा), रामेश्वर कुमार (असम) और लोकसभा सदस्य दामोदर अग्रवाल (राजस्थान), सुधीर गुप्ता (मध्यप्रदेश), संजय जयसवाल (बिहार), अतुल गर्ग (उत्तरप्रदेश), ब्रजमोहन अग्रवाल (छत्तीसगढ़) सहित कई अन्य सांसद व पूर्व सांसद उपस्थित रहे।



इस अवसर पर गोपाल विजयवर्गीय ने भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल और अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह भव्य आयोजन रक्तवीरों के लिए नई प्रेरणा और पूरे देश में रक्तदान आंदोलन को और सशक्त बनाने वाला साबित होगा।

# पढ़ाई के साथ शारीरिक विकास के लिए खेलना भी जरूरी- उप जिला प्रमुख गुर्जर

## सुरास में 42 वीं सब जूनियर हॉकी खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**(सांवर वैष्णव)।** सवाईपुर क्षेत्र के सुरास गांव स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को 42वीं सब जूनियर नेहरू हॉकी (15 वर्ष छात्र) खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप जिला प्रमुख शंकरलाल गुर्जर रहे, जबकि अध्यक्षता जिला परिषद सदस्य हरीलाल जाट ने की।

उप जिला प्रमुख गुर्जर ने ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया और कहा कि पढ़ाई के साथ शारीरिक विकास के लिए खेलकूद आवश्यक है। कार्यक्रम में खिलाड़ियों को शपथ भी दिलाई गई। तकनीकी सलाहकार कृष्ण मुरारी शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में जिले की 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। उद्घाटन मुकाबले में राउमावि फुलिया कला ने राउप्रावि बलिया खेड़ा को 9-0 से पराजित किया। अन्य मैचों में शाहपुरा, गणपतिया खेड़ा, सवाईपुर और फुलिया कला ने जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गुरुवार को सवाईपुर बनाम शाहपुरा और गणपतिया खेड़ा बनाम फुलिया कला के बीच सेमीफाइनल मुकाबले होंगे।





इस अवसर पर भाजपा के अनिल पारीक, प्रधानाचार्य अनुपम उपाध्याय , शारीरिक शिक्षक हरगोविंद जीनगर , श्याम लाल अहीर, ठा. राम सिंह सुरास, ठा. भगवत सिंह नाहरगढ़, शंभूलाल मीणा, गजेंद्र साहू, गोपाल जाट, राकेश कुमार आर्य, शोभालाल जाट, प्रभुलाल जाट, मुकेश बैरवा, सत्तू जाट और घनश्याम पुरोहित सहित कई गणमान्यजन मौजूद रहे।

# शाहपुरा में नवनिर्मित पेयजल टंकी का निर्माण कार्य प्रारंभ

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से शाहपुरा में करीब 4 लाख किलो लीटर क्षमता वाली नई पेयजल टंकी का निर्माण कार्य शुभ मुहूर्त में प्रारंभ हुआ। नई टंकी के बन जाने से नगर की लगभग 40 प्रतिशत आबादी को जलापूर्ति का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंडित सुनील भट्ट द्वारा कराया गया। इस अवसर पर टंकी बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष शक्ति सिंह परिहार, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी कैलाश वर्मा, रवि दत्त पांडिरीक, अरुण भाटी, नगर पालिका पार्षद इसाक, स्वराज सिंह, सत्यनारायण तोलंबिया, अतुल बोहरा, अजय वैष्णव, बबलू बोहरा, दीपू, सोहनलाल सोनी, विकास त्रिपाठी, तनवीर खान, संजय खान सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विदित हो कि वर्तमान में महलों के चौक पर स्थित पुरानी टंकी जर्जर स्थिति में है और कभी भी ढह सकती है। इसी को देखते हुए विभाग ने सघन आबादी क्षेत्र में नई पेयजल टंकी का निर्माण शुरू कराया है।



# सलावटिया में अखण्ड भारत दिवस पर सांस्कृतिक एकता का संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद की ओर से अखण्ड भारत दिवस कार्यक्रम सलावटिया की यादव कॉलोनी में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और भारत की सांस्कृतिक एकता एवं अखण्डता पर बल दिया गया।

मुख्य वक्ता राष्ट्रीय बंजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रजापति ने कहा कि भारत का सांस्कृतिक स्वरूप कभी इरान, इराक और अफगानिस्तान तक फैला हुआ था, लेकिन बाहरी आक्रमणों और समय के बदलाव से सीमाएँ सिमटती गईं। उन्होंने आह्वान किया कि अब समय आ गया है जब देशवासी एकजुट होकर भारत को पुनः सशक्त और अखण्ड बनाने का संकल्प लें।




कार्यक्रम की अध्यक्षता अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद चित्तौड़ प्रांत के कार्यकारी अध्यक्ष घनश्याम सोनी ने की, जबकि राष्ट्रीय छात्र परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष मिथिलेश शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे।

शुरुआत भारत माता के चित्र पूजन से हुई। इस दौरान रघुवीर यादव, सौरभ यादव सहित ग्रामीणों ने अतिथियों का माल्यार्पण व तिलक कर स्वागत किया। अंत में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया।

# श्रद्धा और उल्लास से मनाया गया बछ बारस, जिले में जगह-जगह हुआ गौ पूजन




भीलवाड़ा : महिलाओं ने बालाजी गोशाला में मनाया बछ बारस पर्व



कोटड़ी: हाजीवास गांव में की महिलाओं ने गो पूजन



बेंगू : जोगणिया माता शक्तिपीठ गौशाला में वेद मंत्रों के साथ हुई आरती



आकोला: कस्बे में परंपरागत तरीके से हुई गौ पूजा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जिलेभर में बुधवार को बछ बारस का पर्व पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। मां और संतान के बीच वात्सल्य भाव का प्रतीक यह पर्व महिलाओं ने बड़ी श्रद्धा से मनाते हुए गाय और बछड़े की पूजा-अर्चना की तथा परिवार की सुख-समृद्धि और संतान की लंबी आयु की कामना की। इस अवसर पर जगह-जगह धार्मिक माहौल और उत्साह देखने को मिला।



मांडलगढ़: गेणोली गांव में महिलाओं ने की पूजा अर्चना



महुआ : महिलाओं ने गोवत्स द्वादशी व्रत रख की पूजा अर्चना



लाडपुरा : कस्बे में महिलाओं में व्रत रख की पूजा अर्चना

भीलवाड़ा के देवरिया बालाजी गौशाला में महिलाओं ने मंगल गीत गाते हुए गाय और बछड़े का पूजन किया, चूनरी ओढ़ाई और कथा श्रवण किया। कीर्ति सैनी व अन्य महिलाओं ने बताया कि इस दिन गेहूं के उत्पाद और चाकू से कटी वस्तुओं का सेवन नहीं किया जाता।

**कोटड़ी** के हाजीवास गांव में महिलाओं ने सुबह विधि-विधान से गौमाता का स्नान कराया, तिलक व फूलमालाएं अर्पित कर आरती उतारी। पूजा के बाद प्रसाद वितरण कर शुभकामनाएं दीं।

**बेंगू** के जोगणिया माता शक्तिपीठ गौशाला में संस्थान अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी के सानिध्य में गायों और बछड़ों का पूजन किया गया। वेद मंत्रों के बीच सामूहिक आरती कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की गई।

**आकोला** कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं ने गो-पूजन किया और परंपरानुसार गेहूं के व्यंजन त्यागकर बाजरे व मक्के के भोजन से व्रत किया।

**मांडलगढ़** के गेणोली गांव में महिलाओं ने घर-परिवार की समृद्धि और पुत्र की लंबी आयु के लिए गाय व बछड़े की पूजा-अर्चना की।

**महुआ** में महिलाओं ने गोवत्स द्वादशी व्रत रखा, गौ माता का प्रक्षालन किया और पूजा उपरांत उड़द व बाजरे का भोजन अर्पित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई।

**लाडपुरा** कस्बे में महिलाओं ने उपवास कर सार्वजनिक चौक में गाय व बछड़े का पूजन किया और सुख-समृद्धि की कामना की।

# जुनावास विद्यालय में फर्नीचर भेंट, विद्यार्थियों को मिला स्वच्छता का संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने और विद्यार्थियों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से चूरिया मूरिया शिक्षा पर्यावरण स्वास्थ्य सेवा संस्था की ओर से राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय जुनावास में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।



मुख्य अतिथि डॉ. रामेश्वर प्रसाद जीनगर सीबीईओ सुवाणा और संस्था प्रधान डॉ. शांतिलाल छापरवाल की अध्यक्षता में विद्यार्थियों को फर्नीचर, लेखन सामग्री और प्रधानाध्यापक के लिए चेयर भेंट की गई। इस दौरान संस्था सदस्यों ने विद्यार्थियों को स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया।

# काछोला क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया बछ बारस पर्व

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला

कस्बे सहित आस-पास के गांवों में बुधवार को महिलाओं ने परंपरागत उल्लास के साथ बछ बारस का पर्व मनाया। इस मौके पर महिलाओं ने मंगल गीत गाए और गौ माता की पूजा-अर्चना कर अपने बच्चों की लंबी आयु की कामना की। पूर्व सरपंच बाला देवी कास्ट ने बताया कि बछ बारस व्रत माताएं अपने पुत्रों की मंगलकामना के लिए रखती हैं। इस दिन माताएं अपने पुत्रों को तिलक लगाकर लड्डू का प्रसाद देती हैं। वहीं पूजा में भैंस का दूध-दही, भीगा हुआ चना और मोट-बाजरा का विशेष महत्व होता है। पूरे क्षेत्र में दिनभर धार्मिक वातावरण बना रहा। काछोला, राजगढ़, मानपुरा, सरथला, महुआ, धामनिया, जसूजी का खेड़ा, भगुनगर और आमली सहित कई गांवों में महिलाओं ने परंपरा के अनुसार बछ बारस का पर्व हर्षोल्लास से मनाया।



# प्रदेश के जिलों में सीएमएचओ संभालेंगे आरजीएचएस योजना के क्रियान्वयन का जिम्मा

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर

**डॉ.चेतन ठठेरा**

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम के सुदृढ़ीकरण हेतु प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में योजना के संचालन एवं मॉनिटरिंग को लेकर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने आवश्यक बदलाव कर दिशा–निर्देश जारी किए हैं।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़ ने बताया कि राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी कर आरजीएचएस के संचालन का जिम्मा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को सौंपा है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने योजना के बेहतर संचालन, मॉनिटरिंग एवं नियंत्रण की दृष्टि से विभागीय निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों के अनुसार अब आरजीएचएस की सभी पत्रावलियां राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के माध्यम से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को प्रस्तुत की जाएंगी।

राजस्थान स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरजी लाल अटल ने बताया कि जिला स्तर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी योजना के जिले में समग्र क्रियान्वयन, संचालन एवं मॉनिटरिंग के लिए उत्तरदायी होंगे। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में नियुक्त जिला नोडल अधिकारी ही आरजीएचएस योजना के भी जिला नोडल अधिकारी होंगे। वे योजना से सम्बन्धित समस्त दायित्व व भूमिका का निर्वहन करेंगे। ये अधिकारी ही जिले में योजना से सम्बन्धित न्यायिक मामलों में राज्य सरकार की ओर से प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करेंगे। परियोजना अधिकारी शाहीन अली ने बताया कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के जिला परियोजना समन्वयक (DPC) जिले में आरजीएचएस योजना के समुचित क्रियान्वयन, समन्वय, मॉनिटरिंग व नियंत्रण के कार्य में भी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा नोडल अधिकारी के निर्देशानुसार समस्त कार्य व दायित्व का निर्वहन सुनिश्चित करेंगे।




## QUICK BITES

### 35 बच्चों को वितरित की स्कूल ड्रेस

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



**मानव तिवाड़ी।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय उम्मेदराम जी का खेड़ा में बुधवार को समाजसेवी लाभचंद जैन ने एक प्रेरणादायी पहल करते हुए अनुसूचित जनजाति वर्ग के 35 छात्र-छात्राओं को स्कूल ड्रेस वितरित की। नई ड्रेस पाकर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और आत्मविश्वास दोनों झलक रहे थे। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष रतनलाल भील, प्रधानाध्यापक रामस्वरूप धाकड़, शिक्षक भंवरलाल मीणा, राजेंद्र यादव, सोजीराम, जयलाल, दिनेश, दिलीप, महावीर, किशनलाल और प्रकाश मीणा सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### गिरवरपुरा आवासीय विद्यालय निर्माण में घटिया सामग्री, ग्रामीणों का विरोध

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



गिरवरपुरा राजकीय जनजाति आवासीय विद्यालय भवन में घटिया सामग्री उपयोग का आरोप लगाते हुए बुधवार को सैकड़ों ग्रामीणों ने एसडीएम आस्था शर्मा को ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों ने बताया कि जैन मेसर्स कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा नींव तक मानकों की अनदेखी कर कमजोर निर्माण किया जा रहा है। चेतावनी के बावजूद काम रात में कर खामियां छिपाई जा रही हैं।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि सुधार नहीं हुआ तो अजमेर-कोटा स्टेट हाइवे जाम किया जाएगा। उनका कहना है कि लापरवाही से विद्यार्थियों की जान व भविष्य खतरे में पड़ सकता है। गौरतलब है की विद्यालय निर्माण 14.35 करोड़ की लागत से किया जाना है ।

### रायनगर श्मशान भूमि पर दोबारा कब्जा, ग्रामीण भड़के

भीलवाड़ा फोकस @ सावर

रायनगर झोपड़ा की सिवायचक श्मशान भूमि पर दोबारा अवैध कब्जा होने से ग्रामीणों में रोष है । बुधवार को सैकड़ों ग्रामीणों ने सावर एसडीएम आस्था शर्मा को ज्ञापन सौंपकर कब्जा हटाने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि 17 जून को प्रशासन ने यहाँ से कब्जा हटवाया था, लेकिन गांव के ही दो लोगो ने फिर से अतिक्रमण कर लिया। आरोप है कि कब्जा रास्तों और पंचायत की सड़क तक बढ़ गया, जिससे अंतिम संस्कार व धार्मिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं।ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।